हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025




तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री


4 जिले में उत्साहपूर्वक मनाई गई हरेली




## खबर संक्षेप

### बारिश से सक्ती मालखरौदा मार्ग पर गिरा पेड़

**मालखरौदा।** झमाझम बारिश के चलते सक्ती मालखरौदा मार्ग पर पेड़ गिर गया। जिसके चलते मार्ग पर आवागमन बाधित हुआ है। जिसके चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ज्ञात हो कि सक्ती जिले के मालखरौदा क्षेत्र में बुधवार की रात से झमाझम बारिश जारी है। झमाझम बारिश के चलते सक्ती मालखरौदा मार्ग पर बिजली तार के ऊपर पेड गिर गया। जिसके चलते ना केवल मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ है, बल्कि विद्युत सेवा भी बाधित रही।

### अधिक ब्याज का लालच देकर एक करोड़ की ठगी, एक गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** अधिक ब्याज का लालच देकर 1 करोड़ 15 लाख की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नकुल साहू उम्र 51 वर्ष डीडी प्लाजा जांजगीर निवासी और उसके अन्य साथी के द्वारा लोगों को कम समय में अधिक ब्याज देने का लालच देकर लोगों से किस्त-किस्त में नगद एवं आरटीजीएस के माध्यम से कुल 1 करोड़ 15 लाख रुपए ले लिया है। जमा किये पैसा को वापस मांगने पर आनाकानी कर रहा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी के साथ मिलकर परमेंद्र कुमार व अन्य लोगों से एक करोड़ 15 लाख लेकर धोखाधड़ी किया। जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

## चरमराई बिजली सप्लाई, शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में घंटो लाइट बंद

# झमाझम बारिश से पूरा अंचल तरबतर छोटे नाले उफान पर, कई मार्ग अवरूद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

झमाझम बारिश से शहर सहित पूरा अंचल तरबतर हो गया। जांजगीर चांपा और नवगठित जिला सक्ती क्षेत्र के कई नाले उफान पर आ गए। जिसके कारण कुछ मार्गो पर अवरूद्ध रहा। इधर बारिश से सड़क, मैदान सहित कई शासकीय परिसर भी जलमग्न हो गए। इसके अलावा बिजली सप्लाई व्यवस्था भी शहर सहित ग्रामीण अंचलों में घंटो ठप रही।

जिले में लगातार बारिश से पूरा अंचल पानी पानी हो गया है। बुधवार की रात से शुरू हुई बारिश रूक रूककर गुरूवार रात तक होती रही। लगातार बारिश से जिले के शहरी इलाकों में अधिकांश जगहों पर जल जमाव हो गया है। शहर की नालियां पाटो पाट बहने लगी और कई गली मोहल्लों में पानी भर गया है। शहर के बीडी महंत उपनगर, नैला मुख्य मार्ग, चंदनियापारा, शांति नगर, इंदिरा, सारथी मोहल्ला में जगह जगह बरसाती पानी का जमाव हो गया। वहीं कई जगहों पर बरसाती पानी के घरों में घुसने की भी समस्या रही। इधर लगातार पानी गिरने से छोटे नाली उफान पर चलने लगे है। कंजीनाला के उफान पर होने से धाराशिव तागा मार्ग अवरूद्ध रहा।



आडिल के सपनई नाला बह रहा पाटो पाट।

### सिवनी सुखरीकला पुल से तीन फीट ऊपर बह रहा पानी, दर्जनों गावों का टूटा सम्पर्क



**बहेराडीह।** सिवनी सुखरीकला सड़क मार्ग पर फैक्ट्री का दिन रात भारी वाहनों के चलने से सड़क पुल काफ़ी नीचे दब गई। जो बरसात के समय में पानी में डूब जाती है। जिससे करीब दर्जनों गावों के लोगों का आवागमन बाधित होता है। बीती रात तेज बारिश होने से आज सड़क पुल से करीब तीन फीट ऊपर बारिश का पानी बह रहीं है। लोगों का दिनभरइस मार्ग पर आवागमन बंद रहा। लेकिन फैक्ट्री का भारी फिर भी पार किया जा रहा है। फैक्ट्री का जबकि भारी वाहनों पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को जनदर्शन में कई बार शिकायत कर चुके हैं। फिर भी बाढ़ में डूबे सड़क पुल से भारी वाहनों को पार किया जा रहा है। जिससे प्रशासन के प्रति क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश ब्याप्त है।

### विश्राम गृह में भरा घुठने तक पान निकासी को लेकर नहीं बनी कोई व्यवस्था



**मालखरौदा।** लोक निर्माण विभाग के मालखरौदा विश्रामगृह परिसर में भारी जलभराव की समस्या बीते एक महीने से लगातार बनी हुई है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। परिसर में घुटनों के ऊपर तक पानी जमा है, जिससे न केवल अधिकारियों व कर्मचारियों को आवागमन में परेशानी हो रही है, बल्कि जनप्रतिनिधियों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना विश्राम गृह तक पहुंचाना पड़ रहा है। अनुविभागीय अधिकारी का प्रतिदिन आना-जाना होता है। इसके बावजूद जलभराव जैसी मूलभूत समस्या को लेकर विभागीय स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनाई गई है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार शिकायतें करने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिल रहा है।

## जनपद कार्यालय बना तालाब, चैंबर तक पहुंचा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह



जनपद कार्यालय के परिसर में पानी की निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। बारिश के पानी ने पूरे परिसर को डुबा दिया है। कर्मचारियों के आने-जाने का रास्ता पानी से भरा हुआ है और अधिकतर चैंबरों में पानी घुस चुका है। कुछ जगहों पर तो फर्नीचर और दस्तावेज भी पानी की चपेट में आ गए हैं।

ज्ञात हो कि जनपद पंचायत बम्हनीडीह में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से चेंबर तक पानी घुस गया है। एक वरिष्ठ कर्मचारी ने बताया कि हर साल यही हाल होता है। पानी भरने से ऑफिस का कामकाज ठप हो जाता है। कई बार शिकायत की गई है, पर आज तक न तो नाली की सफाई कराई गई और न ही जल निकासी की कोई ठोस योजना बन पाई है। कर्मचारियों को मजबूरी में टेबल और कुर्सियां उठाकर खुद ही पानी निकालने की मशक्कत करनी पड़ रही है। बरसात का पानी चैंबर के अंदर जमा होने से वहां बदबू और संक्रमण का खतरा बना हुआ है। इस समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी रोष जताया है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में सीईओ प्रज्ञा यादव का कहना है कि पानी निकासी के लिए स्थाई व्यवस्था बनाने बात चल रही है ,अस्थाई रूप से जीरा गिट्टी या स्लैक चुरा का व्यवस्था कराया जाएगा। जिससे जल भराव न हो।


ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई

ITI AKALTARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

• FITTER* 2 Year (10th Pass)

मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444





जीवेत शरदः शतम
भैया सौरभ सिंह जी
अध्यक्ष छ.ग. खनिज विकास निगम
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
सौरभ सिंह
अध्यक्ष- छ.ग. खनिज विकास निगम
(केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त)
गगन जयपुरिया
उपाध्यक्ष
जिला पंचायत जाँजगीर-चाम्पा
प्रियंका पुष्पेन्द्रप्रताप सिंह
सभापति
जिला पंचायत जाँजगीर-चाम्पा
मोहन कुमारी साहू
सभापति
जिला पंचायत जाँजगीर-चाम्पा
इंजी. आनंद प्रकाश मिरी
भारतीय जनता पार्टी
इंजी. सत्यलता आनंद मिरी
अध्यक्ष- जिला पंचायत जाँजगीर-चाम्पा (छ.ग)
राज कुमार साहू
सभापति - जिला पंचायत
जाँजगीर-चांपा
महादेव नेताम
सभापति - जिला पंचायत
जाँजगीर-चांपा
उमा राठौर
सभापति - जिला पंचायत
जाँजगीर-चांपा
प्रमिला अजय साहू
सभापति - जिला पंचायत
जाँजगीर-चांपा
सुश्री आशा साहू
सभापति - जिला पंचायत
जाँजगीर-चांपा
बबीता रविवचन रात्रे
सभापति - जिला पंचायत
जाँजगीर-चांपा
उर्मिला रविन्द्र यादव
सभापति - जिला पंचायत
जाँजगीर-चांपा
संतोपी मनोज रात्रे
सदस्य - जिला पंचायत
जाँजगीर-चांपा


जीवेत शरदः शतम्
अकलतरा के माटी पुत्र, ओजस्वी जन नेता, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी एवं
लोकप्रिय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम
मा. सौरभ सिंह जी को
जन्म दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अविनाश मोदी
अध्यक्ष क्रशर उद्योग संघ अकलतरा
नारायण मित्तल
जुगल किशोर अग्रवाल
सुनील लिखमानिया
रविंद्र मुकीम
विजय कुमार अग्रवाल
दिपक सिंघानिया
मुकेश सिंघानिया
विनोद केडिया
विकास अग्रवाल
रूपेश जैन
गौरांग छापरिया
रवि शंकर अग्रवाल
विकास केडिया
मा. सौरभ सिंह जी
अध्यक्ष- छत्तीसगढ़ खनिज निगम
आनंद खेमका
गोलू मित्तल
अपूर्व पंचायती
अनुराग जैन
नीरज शर्मा
अंकित मोदी
आशीष झाझड़िया
रितेश अग्रवाल
चंदन गुप्ता
प्रांजल अग्रवाल
शुभेच्छु -समस्त सदस्य क्रशर उद्योग संघ अकलतरा।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष देव दर्शन करने के बाद आज मनाएंगे जन्मदिन



**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सौरभ सिंह शुक्रवार 25 जुलाई को अपने जन्म दिवस के अवसर पर प्रातः नगर के राम सागर तालाब स्थित सिद्ध महामाया मंदिर एवं ग्राम बरगवां के सिद्ध दक्षिण मुखी बजरंगबली मंदिर में देव दर्शन कर शाम को अपने निज निवास में कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों से भेंट मुलाकात करते हुए उनके बीच केक काटकर अपना जन्मदिन मनाएंगे। उनके जन्मदिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं नगर वासियों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण एवं भिक्षु भोजन का आयोजन भी किया जाएगा।

### विधायक ने अतिशेष शिक्षकों को जिले के रिक्त पदों पर समायोजन करने की मांग



**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने कलेक्टर को पत्र लिखकर तथा समक्ष भेंट कर जिले के अतिशेष शिक्षकों को जिले के भीतर ही रिक्त पदों पर समायोजित करने की मांग की है। ज्ञात हो कि जिले के अतिशेष शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक ब्यास कश्यप से भेंट कर उन्हें अवगत कराया कि युक्तियुक्तकरण के तहत जिले के करीब 110 शिक्षकों को जिले से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है, जबकि जिले में अभी भी 109 पद रिक्त हैं। शासन द्वारा जारी युक्तियुक्तकरण निर्देश के अनुसार जितने अतिशेष शिक्षक हैं उतने रिक्त पद दर्शित करते हुए उनका युक्तियुक्तकरण करना था। लेकिन जिले के अधिकारियों के द्वारा शासन के नियमों की गलत व्याख्या करते हुए युक्तियुक्तकरण किया गया और नियम विरूद्ध यहां के 110 शिक्षकों का जिले से बाहर स्थानांतरण कर दिया गया। उक्त सभी शिक्षक अभी हाईकोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम राहत पर हैं तथा जिला समिति के समक्ष उनका प्रकरण विचाराधीन है। जिले के बाहर स्थानांतरित शिक्षकों के द्वारा उन्हें जिले में उपलब्ध रिक्त 109 पदों पर समायोजित करने की मांग जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप से की गई। शिक्षकों की मांग पर विधायक ब्यास कश्यप स्वयं कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर से मिलकर उन्होंने चर्चा की तथा जिले से बाहर स्थानांतरित सभी 109 शिक्षकों को जिले में समायोजित करने की मांग की।

### चार सूत्रीय मांगों को लेकर पुरस्कृत शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



**जांजगीर-चांपा।** जिला अवॉर्डी टीचर्स का प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल व राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षको के 4 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर जन्मेजय महोबे व जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार भारद्वाज को सौपा। प्रतिनिधि मंडल में शामिल जिला संरक्षक रमाकांत पांडेय,जिलाध्यक्ष डॉ. बोधीराम साहू,कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती जयंती दुबे, जिला उपाध्यक्ष मोहन कौशिक ने ज्ञापन सौपते हुए मांग रखा कि जिला व ब्लॉक स्तरीय शिक्षक पुरस्कार चयन समति में 2 अवार्डी शिक्षकों को भी सदस्य के रूप में शामिल किया जावे। जिससे योग्य, कर्तव्यनिष्ठ व उत्कृष्ट शिक्षक का चयन हो सके।शिक्षा विभाग के अन्तर्गत शिक्षा गुणवत्ता सुधार व अन्य प्रकार की समिति गठित करते समय राज्यपाल, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षको को भी सदस्य के रूप में शामिल रखा जावे। जिला अन्तर्गत राष्ट्रपति व राज्यपाल पुरष्कृत शिक्षकों का नाम पट्टिका डीईओ व बीईओ कार्यालय में लगाई जावे। नाम पट्टिका कार्यालय के सूचना फलक में अंकित किये जाने संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेशों का भी हवाला दिया गया। इस सम्बन्ध में 2017 को तत्कालीन डीईओ द्वारा जारी की गई आदेश की प्रति भी दी गयी। जिस पर डीईओ ने सूचना फलक में नाम अंकित कराये जाने आश्वस्त किया।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की जिला स्तरीय वार्षिक समीक्षा बैठक

# स्काउटिंग से होगा विद्यार्थियों का बहुआयामी विकास : डॉ. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा जिला ऑडिटोरियम में वार्षिक समीक्षा एवं प्राचार्य बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने कहा कि स्काउटिंग केवल गतिविधि नहीं है,बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। यह अनुशासन,सेवा,नेतृत्व व पर्यावरण के प्रति जागरूकता जैसे मूल्यों को संजोता है।

**खास बात**

- एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान की जिले में शुरुआत

उन्होंने कहा कि समाज निर्माण की नींव शिक्षक रखते हैं, इसलिए प्रत्येक विद्यालय में प्रशिक्षित यूनिट लीडर्स की उपलब्धता आवश्यक है। साथ ही उन्होंने सभी विद्यालयों के प्राचार्यों से अपील भी की ताकि वे अधिक से अधिक बच्चों को स्काउटिंग से जोड़ें जिससे वे राज्यपाल पुरस्कार सहित अन्य उपलब्धियों के लिए तैयार हो सकें। बैठक में जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, शासकीय एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्यों तथा स्काउटर-गाइडर्स ने भाग लिया। इस दौरान स्काउटिंग यूनिट संचालन की स्थिति, ओवाईएमएस पंजीयन, वित्तीय वर्ष 2024-25 की आय-व्यय रिपोर्ट, अंशदान राशि का विवरण,एवं आगामी सत्र 2025-26 के लिए प्रस्तावित गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में सहायक राज्य आयुक्त भूपेन्द्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त हितेश यादव ने की। मोहनलाल कौशिक बीईओ पामगढ़, डॉ. अखिलेश कटकवार प्राचार्य, ज्ञानदीप, मनोज पांडेय प्रदेश सचिव, निजी विद्यालय संघ, प्रेमलाल पांडेय जिला क्रीड़ा अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला मुख्य आयुक्त हितेश यादव ने अपने उदगार में कहा कि जांजगीर-चांपा जिला विविध विशिष्टता के लिए अपनी एक पहचान प्रदेश में रखता है, परंतु आने वाले समय में हमारा जिला स्काउट के नाम से भी पहचाना जाएगा। स्काउटिंग में हमारे जिला का भविष्य उज्वल है। संचालन जिला सचिव दीपक कुमार यादव ने किया। डॉ.सुरेन्द्र कुमार सोनी (डीओसी स्काउट), डॉ.धनमत महंत (डीटीसी गाइड), पूरनलाल पटेल डीटीसी, श्वेता जायसवाल डीओसी गाइड, संजय कुमार यादव (ट्रेनिंग काउंसलर),अनिल सिदार,अनुभव तिवारी मीडिया प्रभारी उपस्थित थे। बैठक में राज्य स्तरीय अभियान "एक राखी सैनिक भाई के नाम" की भी जिले से शुरुआत की गई, जिसमें स्काउट्स व गाइड्स सैनिकों को राखियां भेजकर उनके शौर्य,त्याग और देशप्रेम को नमन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में जिले के उत्कृष्ट स्काउटर-गाइडर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यालयों के प्राचार्य एवं 204 स्काउटर-गाइडर्स शामिल हुए। प्राचार्य डी भगत,योगेन्द्र शुक्ला, आशीष मिश्रा, बसंत चतुर्वेदी, सुरेश यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील पांडेय, पुष्पेंद्र निर्मलकर, अमितेश राठौर, गोलू दुबे, गौतम यादव, छत्रपाल विजय, गजेंद्र कर्ष, हरि सोनवानी, विनोद यादव, जैकी यादव, सत्या सोनी सहित बड़ी संख्या में सहयोगी उपस्थित थे।

**उत्कृष्ट स्काउटर-गाइडर्स को किया सम्मानित**



राज्य मुख्य आयुक्त का स्वागत करते जिला मुख्य आयुक्त एवं अन्य।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

# बार-बार हो रही बिजली कटौती पर भड़के कलेक्टर, व्यवस्था दुरुस्त करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

विद्युत विभाग के अधिकारियों की कलेक्टर ने बैठक ली। बार बार बिजली कटौती पर उन्होंने नाराज़गी जाहिर करते हुए बेहतर विद्युत व्यवस्था एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कर्मचारियों को तत्काल मौके पर भेजकर विद्युत व्यवधान को दुर करते हुए सुचारु बिजली सप्लाई रहे इसका ध्यन रखें।

- कलेक्टर ने उपभोक्ताओं की समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करने कहा

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में बेहतर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और उपभोक्ताओं की शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बिजली आमजनों से जुड़ी महत्वपूर्ण आवश्यकता है इसलिए संबंधित अधिकारियों को विद्युत से जुड़ी आम उपभोक्ताओं की समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करना चाहिए। उन्होंने बार बार के बिजली कटौती पर नाराज़गी जाहिर करते हुए व्यवस्था में सुधार की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवधानों के अटेण्ड करने का टाईम कम से कम हो। कर्मचारीगण तत्काल मौके पर पहुंच कर विद्युत व्यवधान को दुरूस्त करें। कलेक्टर ने कहा कि अघोषित बिजली की कटौती से नागरिकों को काफी परेशानी होती है, जिसे ध्यान में रखते हुए कार्य करें। उन्होंने विद्युत समस्याओं के निराकरण के लिए सभी विकासखंड मुख्यालय सहित अधिक समस्या वाले क्षेत्रों में शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायक अभियंता, उप अभियंता को मुख्यालय में रहने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि आमजनता के साथ ही कृषि, व्यापारिक प्रतिष्ठानों में बिजली आपूर्ति से संबंधित प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। कलेक्टर ने शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के परिसरों में लगे ट्रांसफार्मर जैसे विद्युत उपकरण बच्चों की पहुंच से दूर रहें और इनके आसपास सुरक्षात्मक घेराव हो, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। बैठक में कलेक्टर ने ट्रांसफार्मर, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सब स्टेशनों में अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, लाइन एवं पोल शिफ्टिंग सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की और बेहतर कार्ययोजना के साथ उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री अधोसंरना विकास योजना अंतर्गत ग्राम सिवनी व तिलाई में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र के निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जिससे क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इससे अधिक लोड, ट्रिपिंग और बार-बार की कटौती जैसी समस्याओं से आमजनता को निजात मिलेगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अधीक्षण अभियंता अमर चौधरी, कार्यपालन अभियंता ए के भारद्वाज, आर के चौहान, एच के मंगेश्कर सहित सर्व सहायक अभियंता, उप अभियंता उपस्थित थे।

**विद्युत समाधान शिविर का आज से होगा आयोजन**

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश में विद्युत समस्याओं के निराकरण के लिए सभी विकासखंड मुख्यालय सहित 11 स्थानों पर 25 जुलाई से 08 अगस्त तक विद्युत समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 25 जुलाई को कोटगढ़ एवं सारागांव में, 30 जुलाई को धाराशिव, बलौदा एवं अकलतरा में, 31 जुलाई को पामगढ़ एवं बुड़गहन, 5 अगस्त को शिवरीनारायण में, 7 अगस्त बिर्रा और केरा एवं 8 अगस्त को नवागढ़ में शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शत प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

# रामलला दर्शन करने 182 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में भगवान श्री राम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इसी तारतम्य में भगवान श्री रामलला दर्शन योजना के तहत बिलासपुर के रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम जाने वाली विशेष ट्रेन के लिए विकासखंड जांजगीर, नवागढ़ और बम्हनीडीह के 182 राम भक्तों का जत्था एवं 5 एस्कॉर्ट ऑफिसर को लेकर बस रवाना हुई। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, अंबेश जांगड़े, अध्यक्ष नगर पालिका जांजगीर-नैला श्रीमती रेखादेवा गढ़ेवाल, मोहन यादव, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, प्रभारी उप संचालक समाज कल्याण पवन कोसमा, उप संचालक पंचायत अभिमन्यु साहू ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भगवान श्री रामलला दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं में खासा उत्साह था। अयोध्या धाम की यात्रा की शानदार व्यवस्था के लिए श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत शासन द्वारा श्रद्धालुओं को निःशुल्क यात्रा पर ले जाने के साथ ही उनके खान-पान सहित सभी सुविधाएं सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है।

**खास बात**

- जनप्रतिनिधियो सहित अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं अन्य।

## अयोध्या धाम सहित अनेक तीर्थ स्थलों की यात्रा कर देव दर्शन का प्राप्त करेंगे लाभ



**अकलतरा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आज अकलतरा विकासखंड के 28 श्रद्धालुओं को तीर्थयात्रा पर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन देव सिंह अघरिया ने तीर्थयात्रियों को तिलक लगाकर, फूल माला पहनकर एवं बस को हरी झंडी दिखाकर उनकी मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। तीर्थ यात्रियों को बस के माध्यम से जनपद पंचायत कार्यालय के सामने से चांपा के लिए रवाना किया गया जो चांपा में रेलगाड़ी के माध्यम से अयोध्या धाम सहित अनेक तीर्थ स्थलों की यात्रा कर देव दर्शन का लाभ प्राप्त करेंगे। तीर्थ यात्रियों को संबोधित करते हुऐ श्रीमती शकुन देव सिंह अघरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बुजुर्गों एवं श्रद्धालुओं को प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा हेतु चलाई जा रही है, जिससे उन्हें निःशुल्क यात्रा का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य महादेव नेताम नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी एवं जनपद पंचायत अकलतरा के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे। सभी ने तीर्थयात्रियों के सुखद एवं सुरक्षित यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# बारिश से लबालब हुई कुरदा की गलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा-कुरदा

रात में हुई अच्छी बारिश से समीपस्थ गांव कुरदा का बुरा हाल है। गांव की गलियां व सड़के पानी से लबाबल है। ग्रामीणों को चलना मुश्किल हो रहा है। बारिश ने गांव के पानी निकासी व्यवस्था का पोल खोल कर रख दिया है।

- पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

नगर से लगा हुआ बलौदा जनपद का एक बड़ा गांव कुरदा पिछले कई वर्षो से पानी निकासी की समस्याओं से जुझता रहा है। हर बरसात गांव वालों के लिए मुसीबत लेकर आती है। बीती रात की बारिश ने ग्रामीणों का गांव की गलियों व सड़कों में चलना दुभर कर दिया है। गांव के अधिक्तर गलियों में घुटने से लेकर कमर तक पानी बह रहा है। गांव में पानी निकासी की व्यवस्था लचर है। नाली नाम की कोई व्यवस्था नहीं है। प्राकृतिक तरीके से पानी निकासी होने वालें गांव कें खेत व बाड़ियों में ग्रामिणों द्वारा मकान बना लिये जाने से बरसाती पानी के गांव से बाहर जाने के रास्तों को बाधित कर रखा है। पानी निकलने का स्थान नही मिलने के कारण जब भी मुसलाधार बारिश होती है गांव की गलिया पानी से लबालब हो जाता है कई घरों में पानी भी घुस जाता है। फिर धीरे-धीरे 24 व 48 घंटों में पानी निकल पाता है, लेकिन गांव की गलियों में किचड़ व पानी भराव बना रहता है, जिससे ग्रामीणों को पूरे बरसात भर परेशान होना पड़ता है।



गलियों में भरा पानी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप

### विधायक ने दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को प्रदान किया पीसी टैब



**अकलतरा।** विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अकलतरा की छात्रा कु. रोशनी जोगी पिता पर्वत राज जोगी,ग्राम-मुरलीडीह को दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को पीसी टैब प्रदान किया। विद्युत की रोशनी जोगी ने कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 97.33 प्रतिशत अंक हासिल की थी एवं मात्र 3 अंको से टॉप-10 में स्थान बनाने से चूक गई। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने रोशनी योगी को पीसी टैब प्रदान कर उत्साह आवर्धन किया एवं शाला के छात्र-छात्राओं को आश्वस्त किया कि आपकी शिक्षा में कोई भी बाधा व रुकावट नहीं आएगी। आप लोग मन लगाकर पढ़ाई करें।

### उत्साहपूर्वक मनाया गया राष्ट्रीय तिरंगा दिवस




**पामगढ़।** एन एस एस इकाई विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ एवं ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़ में मंगलवार 22 जुलाई को को राष्ट्रीय तिरंगा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र 2025 के तहत विद्यालय की बालिकाओं द्वारा भारत देश के रक्षा सेवा में काम कर रहे भारत के वीर जवानों के लिए राखियां भेजा गया। इस अवसर पर तिरंगे के महत्व पर जोर देते हुए विद्यालय संचालक नरेंद्र पांडे ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की अस्मिता, स्वाभिमान और एकता का प्रतीक है, हमें हमारे राष्ट्रध्वज का सदैव आदर एवं सम्मान करना चाहिए। साथ ही मैं उन वीर शहीदों का नमन करता हूं जिन्होंने इस तिरंगे की शान के लिए अपने सर्वस्व को बलिदान कर दिया ऐसे भारत माता को मेरा सादर नमन है। समस्त विद्यालय परिवार द्वारा भारतवर्ष के प्रत्येक युवाओं से देशप्रेम, एकता और अनुशासन की भावना को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

### नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली गई कलश यात्रा



**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना में श्रद्धा और आस्था का माहौल उस समय देखने को मिला जब नवनिर्मित शिव मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के लिए कलश यात्रा निकाली गई। यह मंदिर ग्राम निवासी बद्री प्रसाद साहू द्वारा लंकेटर तालाब के पार बनवाया गया है। कलश यात्रा की शुरुआत लंकेटर तालाब से जल भरकर की गई। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा शेरा चौक, संतोषी चौक, भाठापारा, मिलन चौक, महावीर मोहल्ला, गणेश मोहल्ला, चंडी चौक और अंबेडकर चौक होते हुए मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में आचार्य संतोष शुक्ला के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलशों की स्थापना की गई। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण हुआ। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीणों की अहम भूमिका रही। पूरे गांव में इन दिनों धार्मिक वातावरण बना हुआ है।

### स्टेट बैंक ने व्यापारियों को किया चिल्हर का वितरण



**अकलतरा।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा अकलतरा शाखा प्रबंधक सौरभ झा एवं छत्तीसगढ़ चेंबर साहब कॉमर्स और इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय केडिया की उपस्थिति में नगर के व्यापारियों को चिल्लर सिक्कों का वितरण किया गया। चर्चा में श्री झा एवं श्री केडिया ने बताया कि आज कल में डेढ़ लाख रुपए के 10 रुपए के सिक्के नगर में वितरित करना प्रारंभ कर दिया गया है तथा इसी सप्ताह 5 एवं 10 रुपए के चिल्हर सिक्कों का वितरण किया जा सकेगा। इससे फिलहाल चिल्हर के अभाव की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी।चिल्हर का वितरण प्रति व्यक्ति 1000 रुपए रुपए के मानदंड से सभी को किया जाना बताया गया। नगर के व्यापारियों को उन्होंने सूचित करते हुए बताया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा अकलतरा में अभी चिल्हर सिक्कों का वितरण किया जाना है। प्रयास है, नगर में चिल्हर की किल्लत दूर हो सके और चिल्हर का दुरुपयोग भी न किया जा सके। चैंबर ने छोटे 10 एवं 20 के करेंसी नोट के वितरण की मांग की है।

## , किसानों ने की कृषि औजारों की पूजा, कई जगह लगे नारियल पर दांव, बच्चों ने लिया गेड़ी का आनंद

# जिले में उत्साहपूर्वक मनाई गई हरेली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



हरेली तिहार के दौरान गेड़ी का आनंद लेते युवा।

किसानों का त्योहार हरेली गुरुवार को अंचल में उत्साह पूर्वक मनाया गया। किसान खेती का कामकाज बंद कर हल, फावड़ा, गैती व औजारों की पूजा की। इधर हरेली के एक दिन पूर्व से ही गांवों में बच्चों ने गेड़ी का आनंद लिया। इस अवसर पर कई जगह पर लोगों ने नारियल फेंककर शर्त लगाया। इससे दुकानों में नारियल की बिक्री बढ़ गई।

हरेली त्योहार प्रतिवर्ष सावन माह में अमावस्या के दिन मनाया जाता है। इस वर्ष यह त्योहार गुरुवार 24 जुलाई को मनाया गया। किसान इस दिन खेती-किसानी का काम बंद कर हल, फावड़ा, गैती व अन्य कृषि यंत्रों के साथ मवेशियों की पूजा की। इस दिन उन्हें अरण्डी बके पत्ते को नमक में मिलाकर खिलाया गया। ग्रामीणों में ऐसी मान्यता है कि इस दिन गाय, भैंस के बछड़े को अरण्डीपान खिलाने से खुरहा, चपका व अन्य बीमारी नहीं होती है। हरियाली त्योहार के पीछे किसानों की यह अवधारणा है कि जब खेती किसानी का काम खत्म हो जाता है और खेतों में चारों तरफ हरियाली हो जाती है। किसान अपने हल व अन्य कृषि औजारों की पूजा करके उन्हें सुरक्षित रख देते है। इधर हरेली पर्व गांवों में बच्चों ने गेड़ी का आनंद लिया। कई जगह पर लोगों ने नारियल फेंककर शर्त लगाया। इससे दुकानों में नारियल की बिक्री बढ़ गई। उल्लेखनीय है कि लोगों के बीच सबसे लोकप्रिय और सबसे पहला त्यौहार हरेली त्यौहार है। पर्यावरण को समर्पित यह त्यौहार छत्तीसगढ़ी लोगों का प्रकृति के प्रति प्रेम और समर्पण दर्शाता है। सावन मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला यह त्यौहार पूर्णतः हरियाली का पर्व है इसीलिए हिंदी के हरियाली शब्द से हरेली शब्द की उत्पत्ति मानी जाती है। किसानों का यह त्यौहार उनकी औजार पूजा से शुरू होता है, किसान आज काम पर नहीं जाते घर पर ही खेत के औजार व उपकरण जैसे नांगर, गैंती, कुदाली, रापा इत्यादि की साफ-सफाई कर पूजा करते हैं साथ ही साथ बैलों व गायों की भी इस शुभ दिन पर पूजा की जाती है। इस त्यौहार में सुबह - सुबह घरों के प्रवेश द्वार पर नीम की पत्तियाँ व चौखट में कील लगाई जाती है। ऐसा माना जाता है कि द्वार पर नीम की पत्तियाँ व कील लगाने से घर में रहने वाले लोगो की नकारात्मक शक्तियों से रक्षा होती हैं। हरेली में गांव में लोग देवताओ को प्रसन्न करने के लिए विभिन्न प्रकार के मिठाईया एवं श्रीफल फोड़कर कुल देवी देवताओं की आराधना कर कुशल मंगल की कामना की गई। जिले के अनेक गांव में हरेली पर्व धूमधाम से मनाया गया।

### अंचल में धूमधाम से मनाया हरेली पर्व

**गोधना।** छत्तीसगढ़ की पहली त्यौहार हरेली पर्व गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गांव के देवी देवताओ की पूजा-अर्चना की गई। किसानों ने अपने कृषि यंत्रो की पूजा की गई। लोगों ने विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़िया पकवानों में गुड़ का चीला रोटी, गुलगुल भजिया सहित अन्य पकवानों का आनंद लिया। वहीं बच्चों ने भी गेड़ी का भरपूर मजा लिया। यह पर्व मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ में ही मनाया जाता है। हरेली पर्व किसानो का प्रमुख त्यौहार है। इस पर्व में किसानों ने अपने कृषि औजार नागर, गैती,कुदारी, रापा, साबर, टांगी सहित अन्य कृषि यंत्रो की पूजा की गई और भगवान से अच्छी फसल की मनोकामना की। हरियाली के प्रतीक इस पर्व के दिन पूजा-अर्चना मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलो का आयोजन भी किया गया है। गांव में लोग देवताओ को प्रसन्न करने के लिए विभिन्न प्रकार के मिठाईया एवं श्रीफल फोड़कर कुल देवी देवताओं की आराधना कर कुशल मंगल की कामना की गई । हरेली पर्व क्षेत्र केअनेक गांव में धूमधाम से मनाया गया।

### दुरपा में देव पूजा के साथ मना पर्व



**तुस्मा।** ग्राम पंचायत दुरपा में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार गांव के सभी देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना कर हरेली पर्व की शुरुआत हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव से की गई। यह त्योहार ग्रामवासियों के लिए न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह खेती-किसानी से जुड़ी परंपराओं का भी प्रतीक है। हरेली पर्व के शुभारंभ से पहले गांव के पुजारियों और बुजुर्गों द्वारा सामूहिक रूप से ग्राम देवता, ठाकुर देव, बजरंगी बलि दुर्गा मंदिर शनि देव मंदिर सहित अन्य देवी-देवताओं का पूजन किया गया। पूजा-पाठ के दौरान गांव के सभी घरों से महिलाएं, पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। पूजा संपन्न होने के बाद ग्रामवासियों ने गांव की सुख-समृद्धि,अच्छी फसल और आपसी भाईचारे की कामना की। हरेली पर्व छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख त्यौहार है, जो विशेष रूप से किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। दूरपा में भी बच्चों और युवाओं ने गेड़ी चढ़ाकर पारंपरिक खेलों का आनंद लिया। ग्रामीणों मिल जुलकर हल, फावड़ा, कुल्हाड़ी, कुदाल जैसे कृषि उपकरणों को साफ कर उन्हें पूजा स्थान पर रखा और उन्हें पूजा के बाद खेतों में उपयोग करने की परंपरा निभाई।

### हरेली तिहार पर खिसोरा में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण



हरेली तिहार के अवसर पर अकलतरा विकासखंड के ग्राम खिसोरा में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान 2.0 के तहत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एम वी के इंडस्ट्री, अमरताल के सहयोग से दो हजार से अधिक पौधे आम, अमरूद, आंवला, गुलमोहर सहित छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, उद्योगों, नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारी ने "एक पेड़ माँ के नाम" संकल्प के साथ पौधरोपण किया। इस अवसर पर जिला खनि अधिकारी अनिल साहू, डिप्टी कलेक्टर पवन कोसमा, उद्योग विभाग के अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिले में पंचायतों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों द्वारा विभिन्न स्थानों में सतत रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है। नागरिक पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम से जुड़कर "एक पेड़ मां के नाम" को एक जनांदोलन का स्वरूप दे रहे है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री महोबे के निर्देशन में यह अभियान जिलेभर में सतत आगे बढ़ाया जा रहा है , वे स्वयं इस पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग कर रहे हैं ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु, बेहतर पर्यावरण और प्राकृतिक सुंदरता का उपहार दिया जा सके।

## शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास पुलिस गस्त बढ़ाने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते सभापति।

नगर पालिका परिषद अकलतरा के सभापति पुरुषोत्तम नामदेव ने नगर के शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग को लेकर अकलतरा के नव पदस्थ थाना प्रभारी भास्कर शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

पुरुषोत्तम नामदेव ने बताया कि नगर में अनेक निजी व शासकीय शैक्षणिक संस्थाएं हैं जहां पर अकलतरा व आसपास के गांव से बड़ी संख्या में विद्यार्थी विद्या अध्ययन करने आते हैं। स्कूल लगने व छुट्टी होने के समय इन क्षेत्रों में विशेष भीड़ हो जाती है और कभी-कभी कारणों से ऐसी विवादित स्थितियां उत्पन्न हो जाती है जिससे वहां पर पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं,खासकर छात्राओं व विद्यालय स्टाफ को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी समस्याओं के निराकरण के लिए अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा से मुलाकात कर सभी विद्यालयों के आसपास समय-समय पर पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की। इस पर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा द्वारा नगर के शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास सकारात्मक कदम उठाने आश्वासन दिया गया।

## वार्षिक शिविर में अकलतरा के एनसीसी कैडेट्स ने जीते कई पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

7वी एन सी सी छ.ग. बटालियन का संयुक्त वार्षिक शिविर लखोली रायपुर में 12 जुलाई से 21 जुलाई तक संपन्न हुआ। इस कैम्प में अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट अकलतरा द्वारा संचालित संस्था राजेंद्र कुमार सिंह स्कूल के एनसीसी कैडेट जेडी 25 व जे डब्लू 18 टोटल 43 कैडेट सम्मिलित हुए।

■ **राजेंद्र कुमार सिंह स्कूल के 43 कैडेट हुए सम्मिलित**

कैंप में 9 महाविद्यालयों एवं 11 विद्यालयों के 530 एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया। कैंप के दौरान कैडेटों को फौज के तौर तरीके उनकी दिनचर्या से अवगत कराया गया। साथ ही कैडेटों को मैप रीडिंग फायरिंग एंड टेंट टीचिंग व पर्सनालिटी डेवलपमेंट की पढ़ाई कराई गई कैंप को मनोरंजक बनाने के लिए स्कूल कॉलेज की विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई। ड्रिल कंपटीशन, फायरिंग कंपटीशन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। 530 कैडेट को आठ ग्रुपों में बांटा गया इसमें जेडी में टुप कमांडर गौरव को बनाया गया साथ ही जे डब्लू में टुप कमांडर स्तुति शर्मा को बनाया गया। विभिन्न प्रतियोगताओं में राजेंद्र कुमार सिंह स्कूल के एनसीसी के कैडेटस ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि एसोसिएट प्रोफेसर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर डॉक्टर गोविंद प्रसाद, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अशोक पटेल साइंटिस्ट डिपार्मेंट ऑफ़ बायोटेक्नोलॉजी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। ड्रिल कंपटीशन में राजेंद्र कुमार सिंह स्कूल के एनसीसी के कैडेटस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही ग्रुप डांस में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं ग्रुप सॉन्ग में भी एनसीसी कैडेट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टुप कमांडर की भूमिका निभा रहे कैडेट गौरव कुमार और स्तुति शर्मा को मेडल से सम्मानित किया गया। इस सफलता के लिये ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल सचिव ईश्वर खंडेलिया के साथ ही समस्त पदाधिकारियों एवम सदस्यों एवम शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा व समस्त शाला परिवार ने एन सी सी कैडेट्स एवम एन सी सी अफसर मो ज़फरुल्लाह को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




पुरस्कार के साथ उपस्थित एनसीसी कैडेट्स।

## स्वयं सेवकों एवं प्राध्यापकों ने लगाए फलदार व छायादार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

नगर के अग्रणी शिक्षा संस्थान राहौद शिक्षण समिति राहौद (शिक्षा महाविद्यालय ) में एनएसएस के स्वयंसेवकों के द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में छत्तीसगढ़ के प्रथम पर्व हरेली के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस दौरान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों व प्राध्यापकों ने विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार वृक्ष का रोपड़ कर वृक्षारोपण किया गया।इस दौरान पृथ्वी के वृक्षारोपण की महत्ता को बताया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के संचालक दीपक कश्यप एवं प्राचार्य डॉ. कनक सिन्हा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी जयराम कश्यप, सहायक कार्यक्रम अधिकारी तेनुजा साहू तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी आर एन कश्यप, सहायक प्राध्यापक जी.पी. कौशिक , श्याम साहू, ग्रंथपाल अनुरुद्ध कश्यप एवम्-प्रदीप वर्मा, अनिल कश्यप ने अपना सहयोग प्रदान किया। वहीं सभी एनएसएस के स्वयंसेवक एवं सेविका ने अपने सहभागिता निभाई देवेंद्र,प्रवीण,अर्चना,भारती, संजय,तरुण, सुनील,सुष्मिता, राम कुमारी,अर्चना, ज्योति, अजय, अंजना, कुलदीप,कल्याणी का विशेष योगदान रहा।




पौधरोपण के दौरान उपस्थित स्वयं सेवक एवं प्राध्यापक।

## आदर्श ग्राम कुकदा की गली कीचड़ से सराबोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

आदर्श ग्राम कुकदा का वार्ड क्रमांक 13 की गली कीचड़ से सरोबोर हो गया है, जिससे ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। रोजाना बच्चे फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे उन्हें चोटें लग रही हैं और उनके यूनिफॉर्म भी गंदे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार सरपंच और पंचों को गली की स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। न तो कीचड़ हटाने की पहल हुई है और न ही सफाई कराई जा रही है। गांववाले प्रशासनिक लापरवाही से नाराज हैं। उनका कहना है कि आदर्श ग्राम का दर्जा केवल कागजों में है, ज़मीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सफाई और पक्कीकरण नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।



## लायंस स्कूल में छात्रसंघ पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



शपथ लेते छात्रसंघ पदाधिकारी व मंचस्थ लायंस पदाधिकारी।

लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल चांपा में 23 जुलाई को नवगठित छात्रसंघ पदाधिकारियों को पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन के मुख्य आतिथ्य में दिलाई गयी।

लायंस स्कूल में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित नवगठित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन के मुख्य आतिथ्य में पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गयी। लायन रामप्रपन्न देवांगन ने नवगठित छात्र परिषद 2025-26 के हेड बॉय शुभ सोनी, हेड गर्ल आस्था गुप्ता, डिप्टी हेड बॉय अभिषेक महाराणा, डिप्टी हेड गर्ल प्रियंका यादव, स्पोर्ट्स केप्टन विशाल सिंह राठौर, क्षमा महंत, अनुशासन प्रभारी यशस्वी दुबे, अनामिका देवांगन, प्रत्याशा राय, सौम्या सोनी, आंचल नेगी, अनीष पाल, सिद्धी तिवारी, हनी गुप्ता, भावना सिंह, नंदिनी मासूलकर, प्रतीक राठौर, सारथी चैहान, सांस्कृतिक प्रभारी रश्मि तिवारी, कोआर्डिनेटर वेदप्रकाश सोनी, मोन्या देवांगन, आजाद हाऊस प्रमुख दीपक सिंह मोनाली कुमारी साहू, सुभाष हाऊस प्रमुख इशांत बरेठ, रोहिणी कुमारी, भगत हाऊस प्रमुख विनायक फूल्लर, सिमरन सोनी, विवेकानंद हाऊस प्रमुख अभय देवांगन, शाम्भवी तिवारी, कामर्स क्लब आयुष महिपाल, अनन्या अग्रवाल, इको क्लब मुकेश थवाईथ चंचल पंडित, हर्षिता शर्मा, साइंस क्लब अभय देवांगन, आयुषी सोनी, गणित क्लब निशांत साहू, वाय. त्रिनाथ राव, इंग्लिश क्लब आकाश दीप, सानिया सुमित नाग, एसेम्बली प्रभारी पायल, सम्प्रीति, विवेक साहू, राजेश राठौर, रिया ताम्रकार, चयन समिति श्रीमती एम.एस वारियर, डी.पी. तिवारी, ओ.पी. पाण्डेय, वीरेन्द्र कुमार वर्मा, श्रीमती एस. गुप्ता, एस. यादव को कर्तव्यनिष्ठा व पद की शपथ दिलायी। स्वागत भाषण प्राचार्य श्रीमती अजिता वी.के. ने दिया। इसके बाद मार्चपास्ट के पश्चात नवगठित छात्र परिषद का संक्षिप्त परिचय क्रीड़ा शिक्षक गौरव कटकवार ने दिया। इसके पश्चात लायंस क्लब अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी, लायंस क्लब शिक्षण समिति के सचिव सुरेश अग्रवाल, डॉ. योगेन्द्र शर्मा तथा चेयरमेन रामप्रपन्न देवांगन ने छात्र परिषद को संबोधित करते हुए उनसे अपेक्षा व्यक्त की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छे से करें ताकि उनके कनिष्ठ विद्यार्थी अच्छा मार्गदर्शन प्राप्त करें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका जया अग्रवाल तथा अंत में आभार प्रदर्शन वाईस प्रिंसिपल श्रीमती एम. एस. वारियर ने किया। राष्ट्रगान के साथ ही कार्यक्रम संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण के पश्चात स्कूल के 176 विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार के तहत यूनिफार्म का वितरण किया गया। साथ ही अतिथियों ने लायंस क्लब की ओर से स्कूल के चतुर्थ श्रेणी 19 कर्मियों को बारिश से बचाव के लिए छाते का भी वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रमों में लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन रामप्रपन्न देवांगन, वाईस चेयरमेन डॉ. के. पी. राठौर, सचिव सुरेश अग्रवाल, लायंस क्लब के अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी, सचिव लायन राजेश अग्रवाल सहित जी.पी. दुबे, डॉ. व्ही. एन. बिरथरे, डॉ. योगेन्द्र शर्मा, राकेश साहू, संतोष अग्रवाल, नारायण सोनी, लायन वासुदेव देवांगन, लायन बजरंग अग्रवाल तथा लायन नंदकुमार देवांगन के अलावा बड़ी संख्या में स्कूल स्टाफ मौजूद था।


## मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के क्रियान्वयन को लेकर बीईओ ने ली बैठक


हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा




स्कूलों में गुणवत्ता सुधार हेतु मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान प्राथमिक स्तर से लेकर हायर सेकेंडरी स्तर की स्कूलों में चलने वाले अभियान की व्यापक तैयारी के लिए बुधवार को बीईओ रत्ना थवाईत ने शैक्षिक समन्वयकों की बैठक ली ।

बैठक में उन्होंने गुणवत्ता अभियान के बारे में विस्तृत चर्चा कर इसके सफल क्रियांवयन हेतु तैयारी करने के निर्देश दिये । गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए नियमित अध्यापन के लिए सभी शैक्षिक समन्वयकों को प्रति सप्ताह निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं साफ सफाई पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि जिन पुस्तको का स्कैनिंग नही हुआ है उसको सील लगाकर रजिस्टर में एंट्री कर वितरित करने एवं 10 दिवस के भीतर स्कैनिंग करने को कहा। वितरण के बाद प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करें। पुस्तक मांग पत्र की जानकारी, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पोर्टल पर एंट्री करावे। निरीक्षण कर विनोबा ऐप में एंट्री करने के भी निर्देश दिए । जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु छात्रों को फार्म भरवाने के लिए प्रयास करे । बैठक गणवेश वितरण सहित अनेक विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई । बीआरसी हिरेंद्र बेहार ने भी स्कूल शिक्षा सचिव से मिले निर्देशो से सभी को अवगत कराते हुए उसके क्रियान्वयन के निर्देश दिए। इस अवसर पर विकासखंड के सीएसी उपस्थित थे।


जीवेत शरदः शतम्
अकलतरा के माटी पुत्र, ओजस्वी जन नेता, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी एवं लोकप्रिय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम
मा. सौरभ सिंह जी
को जन्म दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
HAPPY Birthday TO YOU
समीर शुक्ला
विशाल सिंह चौहान
युवराज सिंह चौहान
मुरलीधर मिश्रा
पार्षद वार्ड क्रमांक 6
रोशन सिंह
श्रीमती सुनीता सिंह
पार्षद वार्ड क्रमांक 3
श्रीमती माधुरी पालीवाल
पार्षद वार्ड क्रमांक 7
कमलेश्वर दास वैष्णव
पार्षद वार्ड क्रमांक 18
देवनारायण बरेठ (पिंटू)
पार्षद वार्ड क्रमांक 19
चंद्रशेखर मिर्चन्य
पार्षद वार्ड क्रमांक 13
संतन सिन्हा


जीवेत शरदः शतम्
अकलतरा के माटी पुत्र, ओजस्वी जन नेता, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी एवं लोकप्रिय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम
मा. सौरभ सिंह जी
को जन्म दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती शकुन देव अघरिया
अध्यक्ष-जनपद पंचायत अकलतरा
देव सिंह अघरिया
समीर शुक्ला
रोशन सिंह
शुभेच्छु जनपद पंचायत परिवार अकलतरा


जीवेत शरदः शतम्
अकलतरा के माटी पुत्र, ओजस्वी जन नेता, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी एवं लोकप्रिय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम
मा. सौरभ सिंह जी को
जन्म दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विजय केडिया
नरेश केडिया
नितिन केडिया (मोंटू)
विपुल केडिया (कान्हा)
अभिषेक केडिया
शुभेच्छु :- डी.एल. परिवार अकलतरा


जीवेत शरदः शतम्
अकलतरा के माटी पुत्र, ओजस्वी जन नेता, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी एवं लोकप्रिय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम
माननीय
श्री सौरभ सिंह जी
को जन्म दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Happy Birthday
रतन अग्रवाल
लक्ष्मी राइस मिल अकलतरा
दीनदयाल अग्रवाल
ओम गंगा राइस मिल अकलतरा
जुगल लिखमानिया
सत्य कौशल पैडी प्रोडक्ट अकलतरा
नरेश अग्रवाल
रसिक बिहारी फूड प्रोडक्ट्स तरौद अकलतरा
अशोक अग्रवाल
दीपक राइस प्रोडक्ट अकलतरा
कैलाश अग्रवाल
ओंकार एग्रोटेक झलमला पवनसुत एग्रो इंडस्ट्रीज किरारी
असीम पाल सिंह
श्री सांई चावल उद्योग अकलतरा
सुदीप बगड़िया
बगड़िया राइस इंडस्ट्रीज अकलतरा
चंद्रकांत कश्यप
विजयलक्ष्मी राइस मिल पोंड़ी भाठा अकलतरा


जीवेत शरदः शतम
भैया सौरभ सिंह जी
अध्यक्ष- छ.ग. खनिज विकास निगम
को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
समीर शुक्ला
राकेश शुक्ला
विपुल केडिया (कान्हा)
सुमित सिंह चंदेल
कुमार सिंह
रवि मित्तल (सोनू)
विजय अग्रवाल
खिलेन्द्र सिंह (बंटी)
शुभेच्छु :- समस्त शुभचिंतक एवं कार्यकर्तागण, अकलतरा क्षेत्र